सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

जालंधर ब्रीज

प्रेरणा

आपका आज चाहे जैसा हो, आपकी मेहनत तय कर सकती है कि आपका कल कैसा होगा।

साप्ताहिक मौसम

दिन	अधिकतम	न्यूनतम
शुक्रवार	32°	17°
शनिवार	30°	18°
रविवार	36°	16°
सोमवार	35°	15°
मंगलवार	30°	17°
बुधवार	30°	16°
वीरवार	29°	17°

*आंकड़े आईएमडी के अनुसार

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-8 • 23 OCTOBER TO 29 OCTOBER 2026 • VOLUME 14 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
CONFUSED ABOUT CAREER!
Unsure of what to do after 10th/12th/Graduation?
Whether to Study in India or Abroad?

What should I do after 10th-Science, Commerce or Arts?
Should I consider Computer or Mechanical Engineering?
What is better for me - MBA in Marketing or MBA in Finance?
Should I pursue Chartered Accountancy or Law after 12th?
Do I have the aptitude for Architecture and Designing?
Get Career Guidance from our Expert Career Counseling Team Free of Cost
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact :9317776662, 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

भारत हम सभी के लिए उम्मीद की किरण : पोलिश पीएम

बोले- दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की नींव अर्थव्यवस्था और हमारे आर्थिक संबंध

नई दिल्ली. पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार को वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने राजनीतिक अनिश्चितता और अस्थिरता के इस दौर में भारत को आशा की किरण बताया। उन्होंने भरोसा जताया कि नई दिल्ली और वारसॉ अपनी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे तथा कई क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करेंगे। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी के साथ मौजूद टस्क ने कहा कि पोलैंड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती भूमिका को मानता है और वैश्विक मामलों में भारतीय प्रधानमंत्री के योगदान की सराहना करता है। टस्क ने कहा कि हम वैश्विक संदर्भ में आपके यानी प्रधानमंत्री के वैश्विक योगदान का सम्मान करते हैं और उसकी सराहना करते हैं। अस्थिरता, राजनीतिक अनिश्चितता और डांवाडोल हालात के इस दौर में यह उम्मीद की एक किरण है। भारत जैसे शक्तिशाली देश के प्रधानमंत्री के रूप में आप हम सभी के लिए उम्मीद की एक मिसाल हैं। पोलैंड के इस नेता ने मोदी के साथ अपने निजी संबंधों का भी गर्मजोशी से जिक्र किया और कहा प्रधानमंत्री जी, मुझे सचमुच बहुत गर्व है कि मैं खुद को आपका दोस्त कह



सकता हूँ। टस्क ने बताया कि दोनों पक्षों ने अपनी रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की और आने वाले वर्षों की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। यह साझेदारी अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की वारसॉ यात्रा के दौरान स्थापित की गई थी। टस्क ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण और सार्थक चर्चा की है कि कैसे पोलैंड और भारत अपनी रणनीतिक साझेदारी को विकसित और मजबूत कर सकते हैं। इस साझेदारी को बनाने का फैसला अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की वारसॉ यात्रा के दौरान लिया गया था। आज, हमने प्रधानमंत्री के साथ मिलकर इसके शुरुआती नतीजों का जायजा लिया और सहयोग के मामले में आने वाले वर्षों की प्राथमिकताओं को तय करने पर जोर दिया। पोलिश प्रतिनिधिमंडल अपने साथ व्यापार और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को लाया है।

इस्राइली स्वतंत्रता दिवस पर मशाल जलाने आइए, नेतन्याहू ने पीएम मोदी को दिया निमंत्रण

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की और उन्हें इजरायल के स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय पायलट स्मित मच्छार के साथ मिलकर मशाल जलाने के लिए आमंत्रित किया। नेतन्याहू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैंने अपने मित्र, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की और उन्हें इजरायल के स्वतंत्रता दिवस पर एक बहादुर भारतीय पायलट के साथ मिलकर मशाल जलाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने आगे कहा मोदी ने निमंत्रण के लिए मुझे धन्यवाद दिया और कहा कि जमीन और आसमान, दोनों जगह भारत और इजरायल मिलकर आतंकवाद से लड़ते हैं।



पंजाब में एनडीए सरकार बनेगी : अमित शाह

नई दिल्ली. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब में 2027 के चुनाव में जीतने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में एनडीए की सरकार बनेगी। मंगलवार को दिल्ली में यमुना की सफाई से जुड़ी 8,941 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए शाह ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) समेत विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन करने से कुछ हासिल नहीं होगा और पंजाब के लोग एनडीए की सरकार चाहते हैं।



अमित शाह ने दावा किया कि आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी 'बहानेबाजी की राजनीति' पार्टी को नहीं बचा पाएगी। शाह ने कहा कि पंजाब में एनडीए की सरकार बनने के बाद राज्य में नशे की तस्करी की समस्या को खत्म किया जाएगा।

यमुना की सफाई को लेकर शाह ने दिल्ली की पिछली कांग्रेस और आप सरकारों पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों के दौरान नालों और सीवर का पानी यमुना में गिरता रहा और वहीं, शाह ने दावा किया कि बीजेपी सरकार ने नदी में गंदे पानी के बहाव को कम करने में कामयाबी हासिल की है। अमित शाह ने दिल्ली में यमुना को साफ करने से जुड़ी 8,941 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नदी को साफ करने के बाद बीजेपी 2029 में जनता से जनादेश मांगेगी।

2027 में जनता 'आप' को देगी बड़ा जनादेश : संजय सिंह

पंजाब चुनावों से पहले नशे के मुद्दे का दुरुपयोग करने पर भाजपा पर साधा निशाना

• **जालंधर ब्रीज.** अमृतसर

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को भाजपा पर पंजाब की 'आप' सरकार को निशाना बनाने के लिए चुनावी फायदे के मकसद से केंद्रीय एजेंसियों और नशे के मुद्दे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले नशे का राजनीतिकरण करके अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। बिक्रम सिंह मजीठिया द्वारा दायर मानहानि मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए अमृतसर की अदालत में पेश होने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। उनके बयान दर्ज कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह मामला करीब दस सालों से चल रहा है और लुधियाना तथा अमृतसर दोनों अदालतों में वकील अपनी दलीलें पेश कर रहे हैं। संजय



सिंह ने कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए योजनाबद्ध तरीके से जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने दिल्ली में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ दर्ज मामलों का हवाला देते हुए भाजपा पर 'आप' नेताओं के खिलाफ झूठे और बेबुनियाद केस बनाने का आरोप लगाया और कहा कि पंजाब में भी ऐसे ही हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग इन घटिया राजनीतिक चालों को अच्छी तरह से समझ रहे हैं।

दिल्ली हवाई अड्डे पर सीएम भगवंत मान के साथ हुए दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए संजय सिंह ने कहा कि एक मौजूदा मुख्यमंत्री को दिल्ली हवाई अड्डे पर तीन घंटे इंतजार करवाना पंजाब और पंजाबियों का अपमान है। उन्होंने जंतर-मंतर पर प्रदर्शनों के दौरान दिल्ली पुलिस के जवानों द्वारा जूते पहनकर और लाठियां लेकर गुरुद्वारा साहिब में दाखिल होने की भी कड़ी आलोचना की और भाजपा से पंजाब तथा इसके लोगों का अपमान न करने की अपील की। भाजपा द्वारा पंजाब के प्रति दिखाई जा रही नई हमदर्दी पर सवाल उठाते हुए संजय सिंह ने पूछा कि किसान आंदोलन के दौरान 750 किसानों की जान जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसी चिंता क्यों नहीं जताई।

अमृतसर में नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े चार व्यक्ति 10 किलो हेरोइन सहित काबू

गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे तस्करों के इशारे पर कर रहे थे काम: डीजीपी गौरव यादव

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़/अमृतसर

काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई), अमृतसर ने चार व्यक्तियों को 10 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार कर नशा तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान हरगोबिंद एवेन्यू निवासी सुखराज सिंह, खंडवाला निवासी अजीतपाल सिंह उर्फ मोटा, जवाहर नगर निवासी अनमोलप्रीत सिंह और गांव चोगावां निवासी रॉबिन गिल के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी अमृतसर जिले से संबंधित हैं। मादक पदार्थों की बरामदगी के अलावा पुलिस टीमों ने उनकी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और काले रंग का होंडा एक्टिवा स्कूटर भी जब्त किया है, जिनका इस्तेमाल हेरोइन की खेप ले जाने के लिए किया जा रहा था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी कथित तौर पर विदेश में बैठे तस्करों के साथ मिलकर काम कर रहे थे





और मादक पदार्थों की खेप प्राप्त करने के बाद उन्हें राज्य में आगे पहुंचाते थे।

उन्होंने बताया कि सीआई अमृतसर की टीम को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि विदेश में बैठे अपने हैंडलर के निर्देशों पर उसके साथी सुखराज सिंह, अजीतपाल सिंह उर्फ मोटा, अनमोलप्रीत सिंह और रॉबिन गिल ने हेरोइन की एक बड़ी खेप प्राप्त की है और वे इसे आगे किसी अन्य पार्टी तक पहुंचाने वाले हैं। पुलिस टीमों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गांव घनूपुर काले में डेरा बाबा दर्शन सिंह के निकट इन चारों संदिग्ध व्यक्तियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे अपनी मोटरसाइकिल और स्कूटर पर जा रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 10 किलो हेरोइन बरामद की।

दिलजीत के जीएलएन स्टेडियम कॉन्सर्ट को दिल्ली पुलिस ने नहीं दी अनुमति

नई दिल्ली. दिल्ली पुलिस ने विशेष खतरे, सुरक्षा चिंताओं और कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए 30 अक्टूबर को जेएलएन स्टेडियम में होने वाले पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के संगीत कार्यक्रम को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अनंत मित्तल ने 'बुकमाय शो लाइव' प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अनिल मखीजा को 21 अक्टूबर को लिखे एक पत्र में बताया कि दिलजीत दोसांझ के 'ऑरा इंडिया टूर दिल्ली' संगीत कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति के अनुरोध पर गौर किया गया लेकिन इसे मंजूरी नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा, भारतीय युवा दोसांझ को पसंद करते हैं और पंजाब में भी वह लोगों के चहेते हैं। हालांकि इस



फैसले के पीछे के कारणों के बारे में विस्तृत विवरण तुरंत उपलब्ध नहीं हो सका। दिल्ली में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम दिलजीत के ऑरा वर्ल्ड टूर के भारत चरण की शुरुआत करता।

राष्ट्रीय राजधानी के बाद उन्हें छह शहरों इंदौर, अहमदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु, लखनऊ और चंडीगढ़ जाना था। वर्ल्ड टूर के तहत दिलजीत उत्तर अमेरिका व यूरोप के कई देशों और ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तुति दे चुके हैं।

रेहान वाड्रा की बीकानेर हाऊस प्रदर्शनी से 70 तस्वीरें हटाईं, कांग्रेस ने साधा निशाना

नई दिल्ली. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के बेटे और फोटोग्राफर रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी से कई तस्वीरें हटाए जाने को लेकर वीरवार को उस वक्त राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया जब मुख्य विपक्षी दल ने आरोप लगाया कि अंग्रेजों की तरह भाजपा और आरएसएस के लोग भी सच से डरते हैं वहीं, 'बीकानेर हाउस सोसाइटी' ने कहा कि कुछ तस्वीरें उसकी नीति के अनुरूप नहीं पाए जाने के कारण उन्हें हटाने को कहा गया था और शेष तस्वीरें प्रदर्शनी में लगी हुई हैं। विवाद के बीच, रेहान ने कहा कि अधिकांश कला राजनीतिक होती है और किसी कला संस्थान को राजनीतिक विषयवस्तु की अनुमति नहीं देने का फैसला नहीं करना चाहिए। रेहान ने एक न्यूज एजेंसी से कहा कि उनकी एकल प्रदर्शनी 'नो आइडिया इज फाइनल' बुधवार शाम सात बजे शुरू होनी थी और इसके उद्घाटन से करीब 24 घंटे पहले बीकानेर हाउस प्रबंधन ने उन्हें बताया कि कुछ तस्वीरें आपत्तिजनक हो सकती हैं या संस्थान की नीति के खिलाफ हो सकती हैं।

उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों ने दिल्ली में हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों के संदर्भ में कुछ तस्वीरों को 'राजनीतिक' बताते हुए उन्हें हटाने को कहा। रेहान ने कहा कि उनकी टीम ने कई तस्वीरें हटा दीं, लेकिन राष्ट्रीय ध्वज वाली दो तस्वीरों को हटाने की मांग पर उन्होंने आपत्ति जताई। उनका दावा है कि जब वह प्रदर्शनी के उद्घाटन के लिए तैयार होने घर गए थे, तब अधिकारियों ने भारतीय ध्वज वाली एक तस्वीर स्वयं हटा दी।

उन्होंने कहा कि अधिकांश कला राजनीतिक होती है। आप एक कला संस्थान के रूप में काम करते हुए यह नहीं कह सकते कि राजनीतिक विषयवस्तु की अनुमति नहीं है। रेहान ने यह भी कहा कि प्रदर्शनी का प्रारूप करीब एक सप्ताह पहले ही बीकानेर हाउस प्रबंधन के साथ साझा किया गया था और यदि तस्वीरों को लेकर आपत्ति थी तो उस पर पहले ही चर्चा की जानी चाहिए थी। दूसरी ओर, बीकानेर हाउस सोसाइटी ने एक बयान में कहा कि वह कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित सार्वजनिक सांस्कृतिक संस्थान है और वहां आयोजित प्रदर्शनियों तथा उनसे जुड़ी गतिविधियों को बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति का पालन करना होता है।

पंजाब सरकार ने राज्य के 40 कॉलेजों में 'संगत' मानसिक स्वास्थ्य क्लब शुरू किए

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और समय पर सहायता पंजाब की नशों के खिलाफ लड़ाई का अहम हिस्सा : हरजोत सिंह बैंस

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने अपने प्रमुख अभियान 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मजबूत करने, शुरुआती स्तर पर हस्तक्षेप को प्रोत्साहित करने और नशे की लत को रोकने में मदद करने के लिए राज्यभर के 40 कॉलेजों में 'संगत' मानसिक स्वास्थ्य क्लब शुरू किए हैं। आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट (एबीईटी) के सहयोग और पंजाब के उच्च शिक्षा विभाग के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य शैक्षणिक परिसरों में ऐसा दोस्ताना वातावरण तैयार करना है, जहां विद्यार्थी भावनात्मक परेशानी को पहचान सकें, उचित सहायता प्राप्त कर सकें और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर



खुलकर चर्चा कर सकें। इस अनूठी पहल के शुभारंभ के दौरान पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने क्लब के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की तथा युवा सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। इस चर्चा के दौरान सामाजिक कलंक को कम करने, युवाओं को मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करने और नशों की समस्या से निपटने में शैक्षणिक संस्थानों, परिवारों तथा साथियों के नेटवर्क के बीच आपसी तालमेल के महत्व पर जोर दिया गया।

मोहाली स्थित प्लाक्षा यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि 'संगत' युवाओं को जागरूकता, साथियों के सहयोग और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों तथा नशे की लत से निपटने में सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और अनूठा कदम है।

पंजाब विधानसभा ने विद्यार्थियों के लिए खोले द्वार

चंडीगढ़ (जालंधर ब्रीज). पंजाब विधानसभा ने विद्यार्थियों के लिए अपने द्वार खोल दिए। इससे युवाओं को यह जानने का अवसर मिलेगा कि कानून कैसे बनाए जाते हैं, बजट कैसे पारित होते हैं और निर्वाचित प्रतिनिधियों को किस प्रकार जवाबदेह बनाया जाता है। फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उन्हें बड़े सपने देखने तथा ईमानदारी और कड़ी मेहनत के माध्यम से अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य का निर्धारण कौशल और योग्यता के आधार पर होना चाहिए, न कि पहुंच या सिफारिशों के आधार पर। उन्होंने योग्यता आधारित भर्ती के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता तथा 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' के तहत पात्र परिवारों को 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करने के बारे में भी जानकारी दी। पंजाब विधानसभा में फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'युवा पंजाब की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्हें प्रेरणा, अवसर और प्रगतिशील वातावरण प्रदान करना पंजाब के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए बेहद जरूरी है। कभी भी अस्थायी बाधाओं को अपने इरादे कमजोर न करने दें। सफलता का वास्तविक पैमाना यह नहीं है कि आप कहां से आए हैं, बल्कि यह है कि आप कितनी ईमानदारी, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों को हासिल करने का प्रयास करते हैं।'

रिश्वत लेते पटवारी का निजी सहायक विजिलेंस ब्यूरो ने किया काबू



चंडीगढ़ (जालंधर ब्रीज). पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राजस्व हलका चाऊके, तहसील मौड़, जिला बठिंडा के पटवारी मनिंदर सिंह के निजी सहायक प्रितपाल सिंह को 30,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को जिला बरनाला के गांव ठीकरीवाला के एक निवासी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसने अपने भाई और बहन के साथ मिलकर वर्ष 2002 में गांव चाऊके में जमीन खरीदी थी। अवैध रिश्वत देने से इनकार करते हुए शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो रेंज बठिंडा से संपर्क किया। उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में पटवारी के निजी सहायक आरोपी प्रितपाल सिंह को शिकायतकर्ता से 30,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विजिलेंस ब्यूरो के थाना बठिंडा में मामला दर्ज किया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

नोएडा में हुआ था रावण का जन्म! इस सेक्टर में बना है भव्य मंदिर

Travelling दशहरा के खास दिन पर सभी जगह रावण दहन किया जाता है लेकिन ग्रेटर नोएडा के इस गांव में रावण को पूजा जाता है और यज्ञ किया जाता है। यहां पर रावण का भव्य मंदिर बना है, चलिए इसके बारे में बताते हैं।





• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

कुछ ही दिनों में दशहरा आने वाला है और इस दिन लोग देशभर में रावण के पुतले को जलाएंगे। दशहरा के पर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत माना जाता है और इस दिन जश्न मनाया जाता है लेकिन ग्रेटर नोएडा का एक गांव ऐसा है, जहां पर दशहरा नहीं मनाया जाता।

इस दिन लोग यहां पर शोक मनाते हैं रावण का पुतला फूंकने के बजाय उनके लिए यज्ञ-हवन करते हैं। बता दें, रावण का जन्म भी ग्रेटर नोएडा में हुआ था और यहां पर उनका भव्य मंदिर बना हुआ है, जहां हर दिन रावण को पूजा जाता है।

आइये जानते हैं आखिर ग्रेटर नोएडा के किस सेक्टर में रावण का मंदिर बना है और यहां पर शोक क्यों मनाया जाता है?

ग्रेटर नोएडा का कौन सा गांव है और क्या है इतिहास

उत्तर प्रदेश राज्य के ग्रेटर नोएडा के बिसरख गांव यानी सेक्टर 1 में रावण का भव्य मंदिर बना हुआ है। इस गांव का नाम बिसरख भी रावण के पिता से जुड़ा हुआ है और आज भी लोग यहां रावण की पूजा करते हैं। बिसरख गांव का नाम रावण के पिता ऋषि विश्रवा के नाम पर पड़ा। पहले इस गांव का नाम विश्वेशरा था, जिसे बाद में बदलकर आसान करते हुए बिसरख कर दिया गया।

शिव पुराण में है जिक्र

जानकारी के मुताबिक, शिवपुराण में विश्वेशरा गांव का जिक्र मिलता है और लिखा है कि ऋषि विश्रवा ने यहां पर शिवलिंग की स्थापना की थी। रावण और उनके पिता भगवान शिव के बड़े भक्त थे। इस मंदिर में पूजारी है, जो रोजाना परिसर की साफ-सफाई के साथ रावण की मूर्ति और पोशाक की देखभाल करते हैं। यहां लोग रावण के दर्शन के लिए आते हैं और बिसरख गांव में रावण का पुतला नहीं जलाया जाता है। इस दिन लोग रावण के मंदिर जाते हैं, दर्शन करते हैं और उनके हवन-यज्ञ में शामिल होते हैं।

रावण को मानते हैं अपना पूर्वज

बता दें, बिसरख के लोग रावण को अपना पूर्वज मानते हैं और यही वजह है कि यहां पर रावण दहन नहीं किया जाता है। इस मंदिर की दीवारों पर रावण के साथ अन्य प्रतिमाएं उकेरी गई हैं। यहां पर अंदर की ओर प्राचीन अष्टभुजी शिवलिंग रखा हुआ है, जिस पर लोग जल चढ़ाने भी जाते हैं।

रावण के मंदिर तक पहुंचने का रास्ता

अगर आप बिसरख में मौजूद रावण के मंदिर को देखना चाहते हैं, तो 52 मेट्रो स्टेशन तक आ सकते हैं। वहां से आपको बिसरख के लिए शेयर ऑटो या प्राइवेट कैब दोनों मिल जाएंगे। ये मंदिर एस सिटी सोसायटी के पास बना हुआ है, जो काफी बड़ा है।

LIFESTYLE

बहस करने वाले से जीत जाएंगे अगर जान लेंगे दिमाग कंट्रोल करने वाली साइकोलॉजिकल ट्रिक

हर रोज पता नहीं कितने ही लोग ऑफिस में, सड़क पर, पास-पड़ोस में, अनजान और जान-पहचान के लोगों से बहस करते हैं और अपने रिश्तों को खराब कर लेते हैं। जबकि कुछ सिंपल साइकोलॉजिकल ट्रिक हैं जो बहस के दौरान सामने वाले के...



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

किसी के साथ बहस में पड़ जाए तो जरूरी नहीं कि जीत आपकी ही हो। लेकिन कुछ मामलों में बहस से निकलना जरूरी हो जाता है। कई बार अनजाने में लोग बहस करने लगते हैं या किसी फ्रस्टेशन को निकालते हैं। ऐसे में सामने से आपके ऊपर चिल्ला रहे इंसान को आप कुछ एक्ट करके कंफ्यूज कर सकते हैं और फिर उसका माइंड डायवर्ट हो जाएगा या फिर गुस्सा उसके कंट्रोल में होगा और वो आपसे सोच-समझकर बातें करना स्टार्ट कर देगा। इन 5 तरह के एक्ट को हमेशा याद रखें, जब भी कोई आप पर चिल्लाए तो ये 5 काम करें, सामने वाले का माइंड कंट्रोल में होगा।

अगर कोई बेइज्जती कर रहा हो

अगर कोई सामने सा आपको बेवकूफ बोल रहा या फिर बेइज्जती करने की कोशिश कर रहा तो बहुत ही सिंपल और साधारण भाषा में उसकी हां में हां मिला दें। ऐसा करने से वो कुछ पल के लिए कंफ्यूज होगा और फिर दोबारा बोलने के पहले जरूर सोचेगा। इस तरह के आप उसके माइंड को खुद पर गुस्सा उतारने के बजाय डायवर्ट कर सकेंगे।

कोई चिल्ला रहा तो क्या करें

अगर कोई आपके सामने आकर आप पर चिल्लाना स्टार्ट कर दे, बिल्कुल मौन हो जाएं और जिस काम को कर रहे हैं उसे करते रहें। फिर बहुत ही धीमी आवाज लगभग फुसफुसाने जितनी आवाज में उसकी बात का जवाब दें। ऐसा करने से उसका माइंड आपकी बातों को सुनने के लिए फोकस होगा और माइंड डायवर्ट होने में मदद मिलेगी। एक तरह से कह सकते हैं कि आप साइकोलॉजिकल ट्रिक की मदद से उसके माइंड को कंट्रोल कर लेंगे।

किसी को चुप कराना है तो क्या करें

अगर कोई आपसे लगातार बहस कर रहा है और चिल्ला रहा तो उसके माइंड को डायवर्ड कर कंट्रोल में करने का एक तरीका है कि आप कुछ गिरा दें। कुछ गिरने से माइंड डायवर्ट होगा या फिर आप उससे कुछ मांग लें, कुछ आपको पास करके देने को बोलें, जगह मांगे या फिर कुछ भी ऐसा जो उस झगड़े वाली टॉपिक से अलग हो और फिर थैंक्यू बोलें। ऐसा करने से सामने वाले का माइंड जरूर डायवर्ट होगा और उसके झगड़ा करने, बहस करने का फ्लो टूट जाएगा।

उसके माथे पर देखें

जब कोई सामने से आकर आपसे बहस कर रहा तो उसकी आंखों में देखकर हो सकता है आपका कॉन्फिडेंस कम हो जाए और आप असहज हो जाएं ऐसे में आंखों में ना देखकर आप उसके फोरहेड पर देखें। ऐसा करने से आप खुद को असहज होने से बचा सकेंगे और सामने वाले की बातों का जवाब भी दे सकेंगे।

खुद का बचाव करने से बचें

जब कोई आपके पास बहस करने के लिए आए तो बातों के शुरू होने के साथ ही अपना बचाव करना शुरू ना करें बल्कि पहले उसे देखें, जिस काम को कर रहे उसे करते रहें, फिर उसकी बातों पर सहमति जताएं और मौन रहे। इस तरह के धीमे रिएक्शन देकर आप उसके माइंड को कंफ्यूज करते हैं और वो खुद अपनी बातों को लेकर सोच में पड़ सकता है। जिससे बहस की तेजी धीमी पड़ जाएगी। ये सारी साइकोलॉजिकल ट्रिक एक तरह से सामने वाले माइंड को कंट्रोल कर रही होती है जिससे वो आपसे बहस ना कर सके।

नोट : *यह खबर सामान्य जानकारियों पर आधारित है। किसी भी तरह की विशेष जानकारी के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ से उचित सलाह लें।*

छोले से बने ये अचारी पराठे सबको लगेंगे टेस्टी, मांग-मांगकर खाएंगे घरवाले

ब्रेकफास्ट या टिफिन में कुछ अलग और टेस्टी खाने का मन है तो इन अचारी छोले पराठे की रेसिपी को ट्राई करें। जिसे बनाना आसान है और खाने में ये पूरी तरह से टेस्टी लगते हैं।



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

खाना ऐसा हो जिसे खाकर पेट तो भरे लेकिन मन ना भरे। अगर आपको भी खाने-खिलाने का शौक है और हर बार किसी नई रेसिपी की तलाश में रहती हैं तो इन अचारी छोले पराठे की रेसिपी को जरूर नोट कर लें। जिसे बनाना आसान है और ये आपके चटपटा, टेस्टी, बाहर का यमी सा खाना खाने की क्रेविंग को भी पूरा करेगा। टिफिन में ले गए तो ऑफिस में लोग और खाने की डिमांड करेंगे और अगर घर में बना दिया तो सब भूख से ज्यादा खा जाएंगे। तो बस फटाफट नोट कर लें आसान सी अचारी छोले पराठे की रेसिपी।

अचारी छोले पराठे बनाने की सामग्री

- आटा तीन चौथाई कप
- उबले हुए सफेद चने
- लहसुन 2-3
- प्याज एक मीडियम साइज का
- हरी धनिया मुठ्ठीभर
- नमक स्वादानुसार
- कलौंजी एक चम्मच
- सौंफ एक चम्मच
- जीरा आधा चम्मच
- मेथी दाना एक चौथाई चम्मच
- हल्दी पाउडर आधा चम्मच
- लाल मिर्च या कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर एक चम्मच
- अमचूर पाउडर डेढ़ चम्मच
- दही दो से तीन चम्मच
- देसी घी

अचारी छोले पराठे बनाने की रेसिपी

- सबसे पहले अचारी मसाले को बनाकर तैयार कर लें।
- पैन में जीरा, सौंफ, कलौंजी, मेथी को अच्छी तरह से रोस्ट कर लें
- फिर इन सबको ठंडा कर के पीसकर पाउडर बना लें।
- इस पाउडर में नमक और अमचूर पाउडर डालें।
- अब सफेद चने भिगोकर रखे हुए उन्हें उबाल लें।
- किसी बड़ी थाली में इन उबले चने को पोटैटो मैशर की मदद से मैश कर लें।
- अब इन पर तैयार मसाला डालें और साथ ही हरा मसाला तैयार करके डालें।
- हरा मसाला बनाने के लिए धनिया,प्याज और लहसुन को चॉपर में बारीक चॉप कर लें या ग्राइंडर में दरदरा पीस लें।
- इस हरे मसाले को भी मिला दें और साथ में गेहूं का आटा डालें।
- दही तीन चम्मच डालकर मिक्स करें।
- नमक स्वादानुसार और हल्दी पाउडर डालकर मिक्स करें।
- अब किसी तड़के वाले पैन में घी गर्म करें और आटे के ऊपर डाल दें। जिससे पराठे खस्ता बनें।
- फिर पानी डालकर आटा गूंथ लें। बस इस आटे को पांच मिनट के लिए साइड में रख दें।
- अब इनकी छोटी गोल लोई लें और सूखा आटा लगाकर गोल रोटी बेल लें।
- तवे पर घी लगाकर सेंक लें और बस इन टेस्टी पराठे को हरी चटनी या हरे रायते के साथ गर्मागर्म सर्व करें। ये पराठे लाजवाब लगेंगे।

अगर खड़े मसाले घरवालों को पसंद हैं तो देसी घी को फ्राईंग पैन में गर्म करें और उसमे जीरा, कलौंजी, सौंफ, मेथी दाना को डालकर भून लें और इस गर्म घी को आटे में डालकर मिक्स करें। ऊपर से अमचूर पाउडर डालें। इससे पराठे का टेस्ट बिल्कुल अलग आता है और ये भी खाने में स्वादिष्ट लगता है। लेकिन काफी सारे लोग जिन्हें मुंह में आ रहे खड़े मसाले पसंद नहीं वो इन मसालों को रोस्ट कर पीस कर आटे में डालें। इस रेसिपी से बना पराठा भी टेस्टी ही लगेगा।

जिद्दी नहीं, समझदार है आपका बच्चा! ये संकेत दिखाते हैं अच्छी परवरिश

जालंधर ब्रीज (फीचर) . बच्चों की सही परवरिश आसान नहीं होती। हर पैरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा अच्छी आदतें सीखे, अपनी जिम्मेदारी समझे और बड़ों की इज्जत करे। लेकिन एक सफल और अच्छी परवरिश का मतलब सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। कई बार बच्चे ऐसा बिहेव करते हैं, जो हमें देखने में गलत लगा सकते हैं। लेकिन असल में उस बिहेवियर के पीछे एक अच्छी वजह भी छिपी हो सकती है। जरूरी नहीं कि हर बात मानने वाला बच्चा ही अपने माता-पिता के करीब हो। खुलकर अपनी बात कहना, अपने इमोशंस दिखाना और बिना डरे अपनी गलतियां स्वीकार करना भी एक मजबूत रिश्ते की निशानी है।



आपका बच्चा हर बात पर आपका साथ नहीं देता : अगर आपका बच्चा हर बात पर आपसे सहमत नहीं होता, तो हर बार इसे हमेशा बदतमीजी ना समझें। बच्चों की अपनी सोच और पसंद होती है। जैसे-जैसे वो बड़े होते हैं, चीजों को अपने नजरिए से समझने लगते हैं। ऐसे में उनका किसी बात पर आपसे अलग राय रखना स्वाभाविक है। अगर बच्चा अपनी बात आपके सामने रख पाता है, तो यह दिखाता है कि वह आपसे खुलकर बात करने में सहज महसूस करता है। उसकी बात सुनें और अपनी बात भी शांति से समझाएं। हर बार सहमत होना जरूरी नहीं, लेकिन एक-दूसरे की बात का सम्मान करना जरूरी है।

आपके साथ बच्चा खुलकर हंसता और मस्ती करता है : अगर आपका बच्चा आपके साथ रहते हुए खुलकर हंसता है, मस्ती-मजाक करता है और बिना झिझक आपसे बात करता है, तो यह आपके रिश्ते का एक अच्छा संकेत हो सकता है। इसका मतलब है कि वह आपके साथ अच्छा समय भी बिता पाता है। बच्चे को हर समय अनुशासन सिखाने के बजाय उसके साथ खेलें, उसकी मजेदार बातें सुनें और कभी-कभी खुद भी उसके साथ बच्चा बन जाएं। इससे आपके बीच अपनापन बढ़ेगा।

बच्चा आपको खुश करने की कोशिश में नहीं रहता : जब बच्चा हर समय सिर्फ आपको खुश करने के लिए काम करता है, तो वह अपनी पसंद और भावनाओं को खुलकर बताने से हिचक सकता है। वहीं अगर आपका बच्चा अपनी पसंद बताता है, किसी काम में अपनी कमजोरी स्वीकार करता है या हर बार सबसे अच्छा करने का दिखावा नहीं करता, तो यह आपके साथ कंफर्टेबल होने का संकेत है।

अगर आप बिजी हैं, तो प्यार से बताएं कि आप थोड़ी देर में उसकी बात सुनेंगे। फिर समय मिलने पर सच में उसकी बात सुनें, ताकि उसे लगे कि उसकी बातें आपके लिए मायने रखती हैं।

थके होने के बाद भी क्यों नहीं आती हैं नींद? न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया 'कैसे फिक्स करें'

Health बहुत ज्यादा थकान के बाद भी नींद नहीं आती और रात को नींद खुल जाती है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो बेड टाइम रुटीन को फिक्स करने के साथ ही ब्रेकफास्ट से लेकर कैफीन इनटेक पर...



• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

क्या आपके साथ भी ऐसा होता कि दिनभर थकान के बाद भी रात को नींद गहरी नहीं आती और आप बार-बार जाग जाते हैं? अगर आपके साथ भी ऐसा ही होता है तो कारण केवल नींद से जुड़ा नहीं बल्कि अपने खानपान से जुड़ा है। न्यूट्रिशनिस्ट अनुष्का पाटकर ने बताया कि अगर आपको थकान होने के बाद भी नींद नहीं आती तो इसका कारण आपका फूड रूटीन होता है। स्लीप साइकल को मेंटेन करना है तो दिनभर अपने खानपान के रूटीन को फॉलो करना जरूरी होता है। जानें कौन से कारण हैं जो रात की नींद को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

सुबह का ब्रेकफास्ट रात की नींद को बेहतर करना है

सुनकर हैरानी हो सकती है लेकिन ये प्रूवन है कि सुबह के ब्रेकफास्ट में खाया हेल्दी फूड रात की नींद को बेहतर बनाता है। मेलाटोनिन हार्मोन सेरेटोनिन हार्मोन से बनते हैं, जिसे बॉडी ट्रिप्टोफेन से बनाती है और रिसर्च के मुताबिक ये ट्रिप्टोफेन ब्रेकफास्ट के समय खाए फूड के साथ ही सनलाइट से मिलता है। जिसे रात के वक्त मेलाटोनिन प्रोडक्शन में मदद मिलती है। तो न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक अगर अंडे या योगर्ट को कुछ फल और कार्ब्स के साथ खाया जाए तो आपकी रात की नींद को ज्यादा बेहतर बनाता है। और ये मॉर्निंग फूड नाइट टाइम किसी भी रूटीन से ज्यादा इफेक्टिव होता है।

कॉर्टिसोल हार्मोन को घटाने की जरूरत है

मेलाटोनिन हार्मोन के प्रोडक्शन के लिए जरूरी है कि शाम के समय तक शरीर में कार्टिसोल हार्मोन कम हो जाए। जब आप दिन में खाना नहीं खाते तो ब्लड शुगर लो होता है और बॉडी में स्ट्रेस बढ़ता है। दोपहर के समय बहुत ज्यादा कैफीन की मात्रा शरीर में कॉर्टिसोल को बढ़ाती है। वहीं जब लंच में आप हैवी कार्ब्स खाते हैं तो ब्लड शुगर क्रैश होता है और बॉडी में स्ट्रेस बढ़ता है यानि कॉर्टिसोल हार्मोन बढ़ता है और यहीं कॉर्टिसोल हार्मोन नींद को डिस्टर्ब करते हैं। तभी तो थकान के बाद भी शरीर को पूरी नींद नहीं आती है।

मॉर्निंग सनलाइट है जरूरी

अच्छी नींद के लिए मॉर्निंग सनलाइट भी जरूरी है। ये बॉडी के सरकार्डियन रिदम को रेगुलेट करता है और यहीं सरकार्डियन रिदम बॉडी में मेलाटोनिन हार्मोन को शाम के बाद शरीर में बढ़ने में मदद करता है।

अगली बार जब आप ऐसा महसूस करें तो बेड टाइम रूटीन को सही करने से पहले अपने दिनभर के खानपान के रूटीन को सही करें। जिससे कॉर्टिसोल लेवल कम हो और मेलाटोनिन हार्मोन बढ़े और रात को नींद अच्छी आए।

नोट- *यह खबर सामान्य जानकारियों पर आधारित है। किसी भी तरह की विशेष जानकारी के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ से उचित सलाह लें।*

पीजीआईएमईआर के डॉ. पार्थ लाल प्रतिष्ठित '2025 पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी ट्रेनी अवार्ड' पाने वाले पहले भारतीय बने

शिशुओं में मिर्गी पर किए गए अभिनव शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

• **जालंधर ब्रीज** . चंडीगढ़

चंडीगढ़ स्थित पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGIMER) में पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी (बाल चिकित्सा तंत्रिका विज्ञान) के DM ट्रेनी, डॉ. पार्थ लाल ने प्रतिष्ठित '2025 पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी ट्रेनी अवार्ड' प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बनकर संस्थान और भारतीय पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। यह पुरस्कार पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी के किसी ट्रेनी द्वारा लिखे गए उत्कृष्ट और मौलिक शोध लेख के लिए दिया जाता है। चयन प्रक्रिया में शोध के वैज्ञानिक महत्व, कार्यप्रणाली की सटीकता, गुणवत्ता और उसमें मौजूद नवीनता को ध्यान में रखा जाता है।



डॉ. पार्थ को यह सम्मान 'पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी' जर्नल में प्रकाशित उनके शोध "NitRIS ट्रायल" के लिए मिला है। इस शोध ने 'इन्फेंटाइल एपिलेप्टिक स्पाज्म सिंड्रोम' से पीड़ित बच्चों में 'नाइट्राजेपाम' की संभावित प्रभावशीलता के लिए 'प्रूफ-ऑफ-कांसेप्ट' साक्ष्य प्रदान किए हैं। बीमार शिशुओं में होने वाली मिर्गी का एक जटिल रूप है, जिसका इलाज करना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उनका काम इस स्थिति के लिए एक संभावित चिकित्सीय विकल्प की पड़ताल करता है, जिसमें समय पर और प्रभावी इलाज बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस शोध के वैज्ञानिक महत्व को जर्नल के संपादकीय बोर्ड के सदस्यों द्वारा लिखे गए एक संपादकीय में भी रेखांकित किया गया है।

यह पुरस्कार आज कनाडा के क्यूबेक प्रांत के मॉन्ट्रियल में आयोजित 'चाइल्ड न्यूरोलॉजी सोसाइटी' की बैठक में प्रदान किया गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर डॉ. पार्थ के वैज्ञानिक योगदान को मान्यता मिली। अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय पीडियाट्रिक्स विभाग के शोध-अनुकूल माहौल, मार्गदर्शन और सहयोग को दिया। इससे पहले, दिसंबर 2025 में, डॉ. पार्थ लाल को अमेरिकन एपिलेप्सी सोसाइटी की ओर से 'सुज़ैन एंड पीटर बेरी इंटरनेशनल ट्रैवल अवार्ड' मिला था। दुनिया भर से आए 1,500 से अधिक शोध प्रस्तावों में से चुने गए डॉ. पार्थ उन केवल दो युवा शोधकर्ताओं में से एक थे, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला। यह उनके शोध के वैश्विक महत्व को दर्शाता है।

ये उपलब्धियां इस बात को रेखांकित करती हैं कि युवा चिकित्सक-वैज्ञानिक किस प्रकार गहन, अभिनव और चिकित्सकीय रूप से प्रासंगिक शोध के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह, जटिल न्यूरोलॉजिकल विकारों से प्रभावित बच्चों के लिए वैज्ञानिक समझ और उपचार के विकल्पों को आगे बढ़ाने, तथा उभरते शोधकर्ताओं को तैयार करने के प्रति पीजीआईएमईआर की निरंतर प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

जंतर-मंतर व अन्य हिंसा मामले : सुप्रीम कोर्ट द्वारा जांच समिति गठित

• **जालंधर ब्रीज** . नई दिल्ली

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने जुलाई 2026 के दौरान दिल्ली के जंतर-मंतर और दिल्ली के बाहर विभिन्न स्थानों पर हुई हिंसा की घटनाओं के सभी पहलुओं की जांच करने हेतु एक उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति (एचपीईसी) का गठन किया था। प्रभावित लोगों, जिनमें प्रभावित पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, की सुविधा के लिए एचपीईसी ने एक पोर्टल http://hpec.nic.in लॉन्च किया है।



एचपीईसी, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 18 अगस्त 2026 के आदेश के पैराग्राफ 12 और 13 तथा 10 सितंबर 2026 के आदेश के पैराग्राफ 5(i) में बताए गए सभी मुद्दों की जांच करेगी। इसमें पैलेट गन के उपयोग, लक्षित हिंसा, महिला प्रदर्शनकारियों के उत्पीड़न तथा दोनों पक्षों की ओर से की गई अत्यधिक हिंसा व संपत्ति की क्षति से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी।

पोर्टल को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि संवेदनशील गवाहों को समुचित सुरक्षा मिल सके और यदि प्रभावित व्यक्ति चाहें, तो उनकी पहचान को गोपनीय एवं गुप्त भी रखा जा सके। प्रभावित व्यक्तियों तथा अन्य हितधारकों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे इस पोर्टल पर जाएं और उपयुक्त प्रारूपों का उपयोग करते हुए अपनी शिकायतें/ अभ्यावेदन अपलोड करें।

इसके अलावा, जो कोई भी व्यक्ति 18 अगस्त 2026 और 10 सितंबर 2026 के आदेशों के तहत एचपीईसी को सौंपे गए मुद्दों से जुड़ी जानकारी या सुझाव देना चाहता है, वह उक्त पोर्टल के माध्यम से ऐसा कर सकता है। जो लोग अपनी शिकायतें, अभ्यावेदन या अन्य संबंधित सामग्री स्वयं कार्यालय आकर जमा करना चाहते हैं, वे सभी कार्य-दिवसों के दौरान दोपहर 14:00 बजे से 16:00 बजे के बीच, शिक्षा सदन, 17, राउज एवेन्यू इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली 110002 स्थित एचपीईसी के कार्यालय में ऐसा कर सकते हैं। ये दस्तावेज उपरोक्त पते पर डाक द्वारा या hpec2026.enquiry[at]nic[dot]in पर ईमेल के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं।

अमित शाह लुधियाना, पंजाब में विजयदशमी उत्सव में भाग लिया और 'चिट्टे के प्रतीकात्मक रावण' का दहन किया

• बचपन से सुनता आया था कि रावण दहन देखना है तो लुधियाना में जाकर देखो, 200 साल से यहाँ पर रामलीला कमेटी रावण दहन का कार्यक्रम करती है • गृह मंत्री ने पंजाब के तीन स्थानों पर नशे के खिलाफ लड़ाई में अपने बेटों को खोने वाले परिवारों से मुलाकात की • परिजनों की आँखों के आँसू, उनके सवाल और वेदना किसी भी व्यक्ति को झंझोड़ कर रख देने वाली है • पंजाब सरकार ने एक हत्या की जाँच CBI को सौंपी है, उसे बाकी दो हत्याओं की जांच भी CBI को सौंपे, इन हत्याओं में कितना भी बड़ा व्यक्ति संलिप्त हो, मोदी सरकार उसे ढूंढकर जेल की सलाखों के पीछे डाल देगी।



• विजयदशमी के दिन हम यह संकल्प लेते हैं कि 31दिसंबर 2029 तक पूरे पंजाब को नशे के कारोबार से मुक्त कर एक नशामुक्त पंजाब बनाएंगे • पंजाब की जनता Narcotics Control Bureau की toll-free helpline पर नशे के कारोबार की सूचना देगी तो मोदी सरकार उस पर कार्रवाई करेगी • मोदी सरकार का रिकॉर्ड है कि हमने जो कहा है, वह करके दिखाया है • धारा 370 और 35 ए चली गई, आतंकवाद समाप्ति की कगार पर है और नक्सलवाद को समाप्त कर दिया है, अब हम नशे को भी समाप्त कर देंगे।

• **जालंधर ब्रीज** . नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लुधियाना पंजाब में विजयदशमी उत्सव में भाग लिया और 'चिट्टे के प्रतीकात्मक रावण' का दहन किया।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी परंपरा में रावण के पुतले का दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। विजयदशमी का दिन हर व्यक्ति को अपने अंदर के अहंकार, मद, लोभ और अन्य बुराईयों को समाप्त करने का दिन है। आज ही के दिन हजारों साल पहले प्रभु श्री राम ने रावण पर विजय प्राप्त की थी और तब से पूरी दुनिया बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में प्रभु श्री राम की विजय को मनाती है। उन्होंने कहा कि वह बचपन से सुनते आए थे कि रावण दहन देखना है तो लुधियाना में जाकर देखो, 200 साल से यहाँ पर रामलीला कमेटी रावण दहन का कार्यक्रम करती है।

अमित शाह ने कहा कि उन्होंने पंजाब के तीन स्थानों पर नशे के खिलाफ लड़ाई में अपने बेटों को खोने वाले परिवारों से आज मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उन परिजनों की आँखों के आँसू, उनके सवाल और वेदना किसी भी व्यक्ति को झंझोड़ कर रख देने वाली है। शाह ने कहा कि पंजाब सरकार ने एक हत्या की जाँच CBI को सौंपी है। उन्होंने पंजाब सरकार से कहा कि बाकी दो हत्याओं की जांच भी CBI को सौंप दे। गृह मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इन मामलों में न्याय होकर रहेगा। एक बार CBI को जांच सौंपने के बाद इन हत्याओं में कितना भी बड़ा व्यक्ति संलिप्त हो, मोदी सरकार उसे ढूंढकर जेल की सलाखों के पीछे डाल देगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज विजयदशमी के दिन ही यह संकल्प लेते हैं कि 31 दिसंबर 2029 तक हम पूरे पंजाब को नशे के कारोबार से मुक्त कर एक नशामुक्त पंजाब बनाएंगे। उन्होंने कहा कि अपनी जान गंवाने वाले तीनों बहादुरों को इससे बड़ी श्रद्धांजलि कोई नहीं हो सकती। शाह ने कहा कि पंजाब की जनता Narcotics Control Bureau की toll-free helpline पर नशे के कारोबार की सूचना देगी तो मोदी सरकार उस पर कार्रवाई करेगी। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार का रिकॉर्ड है कि हमने जो कहा है, वह करके दिखाया है। धारा 370 और 35 ए चली गई, आतंकवाद समाप्ति की कगार पर है और नक्सलवाद को हमने समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब हम नशे के कारोबार को भी समाप्त कर देंगे।

शिक्षा और आजीविका के निर्माण में निवेश

• **जालंधर ब्रीज** . नई दिल्ली

आर्थिक सशक्तिकरण की शुरुआत तब होती है, जब कोई युवा अपनी शिक्षा पूरी करके करियर बनाने की तैयारी शुरू करता है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने इसी यात्रा को ध्यान में रखते हुए अपनी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक चरण में मिलने वाली सहायता अगले चरण में नए अवसरों का रास्ता खोले।

विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा जारी रखने में मदद करने वाली छात्रवृत्तियों से लेकर फेलोशिप, कोचिंग, कौशल विकास और उद्यमिता के लिए वित्तीय सहायता तक, इन पहलों का उद्देश्य सहायता की एक ऐसी निरंतर व्यवस्था विकसित करना है, जो लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने में सक्षम बनाए।

छात्रवृत्तियों के माध्यम से मजबूत नींव का निर्माण : वंचित वर्ग के ऐसे विद्यार्थी के लिए, जिसके परिवार के पास सीमित आर्थिक संसाधन हैं, स्कूली शिक्षा पूरी करना भी एक चुनौती हो सकती है। आठवीं कक्षा पूरी करने के बाद परिवार के सामने अक्सर यह सवाल खड़ा हो जाता है कि क्या बच्चे की पढ़ाई आगे जारी रख पाना संभव होगा। पूर्व-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना इस चिंता को दूर करने में मदद करती है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को नौवीं और दसवीं कक्षा तक अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए सहायता दी जाती है।

स्कूली शिक्षा के बाद, उत्तर-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना विद्यार्थियों को शिक्षा से जुड़े खर्चों में सहायता प्रदान करती है। इसमें शिक्षण शुल्क और रखरखाव संबंधी खर्च शामिल हैं। इस सहायता से विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।



सुधांश पंत
(लेखक भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव हैं)

विद्यार्थियों को शिक्षा व्यवस्था से जोड़े रखना विभाग की छात्रवृत्ति योजनाओं की बुनियादी सोच है। पिछले 12 वर्षों में अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अन्य पात्र विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही पूर्व-मैट्रिक और उत्तर-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत 19.8 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 65,756 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि विद्यार्थियों को आर्थिक बाधाओं से उबरने और अपनी शिक्षा जारी रखने में मदद देने के लिए बड़े स्तर पर सहायता प्रदान की गई है। छात्रवृत्ति योजनाओं का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ, सहायता पहुंचाने की व्यवस्था में भी महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। वर्ष 2021-22 से छात्रवृत्ति योजनाओं को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) से जोड़ दिया गया है। इसके साथ ही, दोहराई गई प्रविष्टियों को हटाने के लिए रिकॉर्ड का मिलान, विद्यार्थियों और अधिकारियों के लिए बायोमेट्रिक ई-केवाईसी तथा अलग-अलग शैक्षणिक वर्षों में विद्यार्थियों का रिकॉर्ड रखने के लिए एक बार पंजीकरण जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। डिजिलॉकर, उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) और शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली (यूडाइस) के डेटाबेस के साथ एकीकरण ने भी इस व्यवस्था को मजबूत किया है। इन उपायों से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि आर्थिक सहायता सीधे विद्यार्थियों के बैंक खातों में पहुंचे। इससे बिचौलियों की भूमिका कम होती है और व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ती है।

उच्च शिक्षा और शोध के लिए नए रास्ते खोलना : स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने की आकांक्षा रखने वाले विद्यार्थियों के सामने भी आर्थिक बाधाएं बनी रह सकती हैं। विभाग की उच्च शिक्षा संबंधी योजनाओं का उद्देश्य शैक्षणिक यात्रा के विभिन्न चरणों में इन बाधाओं को दूर करना है।

शीर्ष श्रेणी शिक्षा योजना के तहत निर्धारित प्रमुख शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को शिक्षण शुल्क और अन्य पात्र शैक्षणिक खर्चों के लिए सहायता दी जाती है। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि योग्यता के आधार पर प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण अपनी पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर न होना पड़े।

जो विद्यार्थी शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, उनके लिए राष्ट्रीय फैलोशिप योजना के तहत वजीफे और आकस्मिक खर्चों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इससे शोधार्थियों को अपने शैक्षणिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना चयनित विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की पढ़ाई करने का अवसर प्रदान करती है। इससे उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक अनुभव प्राप्त करने के अवसर मिलते हैं।

पीएपी जालंधर: डीजीपी गौरव यादव ने पुलिस शहीदों को दी श्रद्धांजलि

जालंधर ब्रीज (जालंधर) . देश की एकता और अखंडता के लिए आतंकवादियों तथा अपराधियों से लड़ते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले बहादुर पुलिस कर्मियों को सम्मान देने के लिए आज पंजाब आर्म्ड पुलिस (पीएपी) मुख्यालय, जालंधर में 67वां राज्य स्तरीय पुलिस स्मृति दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने श्रद्धांजलि समारोह का नेतृत्व किया और पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था प्रवीण कुमार सिन्हा और एडीजीपी पीएपी एम.एफ. फारूकी भी उपस्थित थे।



युद्ध, शांति और संघर्षों के दौरान अद्वितीय बहादुरी के साथ देश की सेवा करने वाली पंजाब पुलिस को एक असाधारण और महान बल बताते हुए डीजीपी ने कहा कि सितंबर 1981 से अब तक पंजाब पुलिस के 1,804 बहादुर जवानों ने ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों का बलिदान दिया है। इनमें इस वर्ष शहीद हुए दो बहादुर जवान भी शामिल हैं।

समारोह को संबोधित करते हुए डीजीपी गौरव यादव ने कहा, "इन बहादुर शहीदों के बलिदान के कारण ही आज हम शांतिपूर्ण वातावरण में सांस ले रहे हैं। पंजाब पुलिस के पास बहादुरी, निःस्वार्थ सेवा और आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के दृढ़ संकल्प की एक गौरवशाली विरासत है। यह बल हमारी सीमाओं की रक्षा करने और इस सीमावर्ती राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।" पीएपी परिसर स्थित शहीद स्मारक पर एक औपचारिक परेड आयोजित की गई, जहां कमांडेंट ने पिछले वर्ष के दौरान शहीद हुए सभी जवानों के नाम पढ़कर सुनाए। समारोह का समापन दो मिनट का मौन रखकर तथा शहीदों के सम्मान में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुष्पमालाएं अर्पित करने के साथ हुआ।

समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस ने नशों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च, 2022 से अब तक एनडीपीएस अधिनियम के तहत 95,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

करनाल के तरावड़ी से केंद्रीय मंत्री चौहान ने किया राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का आगाज

• **जालंधर ब्रीज.** तरावड़ी (करनाल)/नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज हरियाणा के ऐतिहासिक कस्बे तरावड़ी (जिला करनाल) से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का औपचारिक शुभारंभ किया। देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों सहित कृषि से जुड़े संस्थानों से वर्चुअली जुड़े लाखों अन्नदाताओं, कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने आगाह किया कि यदि रासायनिक खादों और कीटनाशकों का असंतुलित उपयोग नहीं रुका, तो धरती फसल पैदा करने से इनकार कर देगी और मानव शरीर बीमारियों का घर बन जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक देश के हर गांव में व्यापक जन-जागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। इसके साथ ही ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में उन्होंने हरियाणा के गरीब परिवारों को बड़ी सौगात देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 28,422 पक्के मकानों के निर्माण हेतु 1,343.06 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति का पत्र मंच से हरियाणा सरकार के लिए राज्य के कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा को सौंपा।

हरियाणा के किसानों ने पूरे देश को दिखाई प्रगति की दिशा : तरावड़ी की ऐतिहासिक धरा पर आयोजित विशाल किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हरियाणा के किसान अद्भुत, कर्मठ और प्रयोगधर्मी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के प्रगतिशील किसान न केवल अपने राज्य में बल्कि मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में भी जाकर आधुनिक और प्राकृतिक खेती से बदलाव की नई इबारत लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा जो राह दिखाता है, पूरा देश उस दिशा में आगे बढ़ता है। आज हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दिल में भी यही गहरी तड़प है कि हमारी धरती माता क्यों अस्वस्थ हो रही है और हमारे खेतों का स्वास्थ्य कैसे बेहतर बने।

हरियाणा को प्रधानमंत्री आवास योजना की बड़ी सौगात : समारोह के दौरान केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में शिवराज सिंह चौहान ने हरियाणा के ग्रामीण गरीबों के लिए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हरियाणा के पात्र गरीब परिवारों के लिए 28,422 पक्के मकानों की स्वीकृति दी है। इसके लिए 1,343 करोड़ 6 लाख रु. की राशि मंजूर की गई है। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने मंच पर उपस्थित हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा को इस ऐतिहासिक स्वीकृति से संबंधित औपचारिक पत्र सौंपा, जिससे राज्य के हजारों निर्धन परिवारों के अपने पक्के घर का सपना साकार होगा।



सस्ती खाद का मतलब अंधाधुंध इस्तेमाल नहीं, सब्सिडी का भार खुद उठा रही सरकार : केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने खाद की कीमतों और सरकारी प्रतिबद्धता पर बोलते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने के बावजूद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने दे रही है। सरकार डेढ़ लाख करोड़ रु. से ज्यादा की विशाल फर्टिलाइजर सब्सिडी वहन कर रही है, ताकि किसानों को यूरिया की बोरी मात्र 266 रुपये और डीएपी 1350 रुपये में सुलभ होती रहे। उन्होंने किसानों को सचेत करते हुए कहा, "सस्ती खाद मिलने का मतलब यह कतई नहीं है कि हम खेतों में चार-चार कट्टे यूरिया डालते चले जाएं। यह भ्रम है कि ज्यादा खाद डालने से ज्यादा फसल होगी। बिना जरूरत के खाद डालना अपनी गाढ़ी कमाई बर्बाद करने और जमीन में जहर घोलने जैसा है। जैसे बिना बीमारी के दवा खाने से इंसान बीमार हो जाता है, वैसे ही ज्यादा खाद डालने से हमारी धरती मैया की तबीयत खराब हो रही है।" उन्होंने कहा कि देश अब ग्रीन अमोनिया के प्रयोग की ओर बढ़ रहा है, जिससे भारत भविष्य में उर्वरक उत्पादन में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनेगा।

कीटनाशकों से बीमारियों का घर बन रहा शरीर, इंसान और खेत दोनों को बचाना जरूरी : रासायनिक खेती के गंभीर दुष्परिणामों को रेखांकित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जहरीले कीटनाशकों और अनियंत्रित खादों से पैदा हुआ अन्न खाकर आज इंसान का शरीर गंभीर बीमारियों का घर बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीने के लिए हवा, पानी और अन्न चाहिए और शास्त्रों में अन्न को ब्रह्म माना गया है। यदि यह अन्न ही अशुद्ध हो गया तो मानव सभ्यता का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज यह लड़ाई केवल मिट्टी की नहीं, बल्कि खेत और इंसान दोनों के जीवन को बचाने की पवित्र मुहिम है।

मिट्टी के संरक्षण के तीन प्रमुख व्यावहारिक मंत्र : केंद्रीय मंत्री चौहान ने किसानों के सामने जमीन को उपजाऊ बनाए रखने के लिए तीन प्रमुख उपाय प्रस्तुत किए- सॉइल हेल्थ कार्ड के आधार पर संतुलित उपयोग: किसान अपने मोबाइल पर सॉइल हेल्थ कार्ड देखें और खेत की मिट्टी में जिस तत्व की कमी हो, केवल वही खाद संतुलित मात्रा में डालें। फसल चक्र में बदलाव: लगातार धान-गेहूं का चक्र दोहराने के बजाय बीच में चना, मसूर, तुअर जैसी दलहनी फसलें लगाएं। दलहन की जड़ें मिट्टी में प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन स्थिर (नाइट्रोजन फिक्स) करती हैं, जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति स्वतः बढ़ जाती है। कम से कम आधे एकड़ में प्राकृतिक खेती: किसान भले ही शुरुआत में पूरे खेत में न करें, लेकिन 5 एकड़ में से कम से कम आधे एकड़ में गाय के गोबर, गोमूत्र और पेड़ के नीचे की मिट्टी से 'बीजामृत' व 'घनजीवामृत' बनाकर प्राकृतिक खेती शुरू करें। इससे घर के खाने के लिए विषमुक्त अनाज मिलेगा, लागत घटेगी और दो-तीन वर्षों में मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरकर उत्पादन पारंपरिक खेती के बराबर पहुंच जाएगा।

पराली प्रबंधन और जमीन के मित्र केंचुओं की रक्षा : तरावड़ी के किसानों द्वारा पराली प्रबंधन और मिट्टी में उच्च जैविक कार्बन स्तर बनाए रखने की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि खेतों में पराली जलाना आत्मघाती है। आग लगाने से न केवल वायु प्रदूषण फैलता है, बल्कि मिट्टी की ऊपरी और निचली सतह में रहने वाले खरबों सूक्ष्म जीवाणु, मित्र कीट और प्राकृतिक खाद बनाने वाले केंचुए भी जलकर नष्ट हो जाते हैं। केंचुओं और मित्र कीटों की सुरक्षा से ही जमीन की प्राकृतिक उर्वरता बरकरार रह सकती है।

शोभा यात्रा के मद्देनजर कमिश्नरेट पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक डायवर्जन प्लान

निर्धारित चौकों पर सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन होगा

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

24 अक्टूबर 2026 को भगवान वाल्मीकि जी की शोभा यात्रा के मद्देनजर कमिश्नरेट पुलिस जालंधर की ओर से शोभा यात्रा को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने तथा आम जनता की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक प्रबंधों संबंधी रूट प्लान तैयार किया गया है। जारी किए गए रूट प्लान के अनुसार शोभा यात्रा 24 अक्टूबर 2026 को अली मोहल्ला से शुरू होगी। शोभा यात्रा का मुख्य रूट बस्ती अड्डा चौक, भगवान वाल्मीकि चौक, पी.एन.बी. चौक, मिलाप चौक, भगत सिंह चौक, लिंगरा गेट, अड्डा होशियारपुर, टांडा चौक, माई हीरां गेट, सरकुलर रोड, सब्जी मंडी चौक और पटेल चौक सहित अन्य प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगा और वापस अपने शुरुआती स्थान पर पहुंचेगा।



शोभा यात्रा के दौरान यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए निर्धारित चौकों पर सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन किए जाएंगे। रूट प्लान में वर्कशॉप चौक, पटेल चौक, कपूरथला चौक, चिक-चिक चौक, फुटबॉल चौक, दोआबोरिया पुल, प्रताप बाग चौक, जी.पी.ओ. चौक, दोआबा चौक, रेलवे क्रॉसिंग अड्डा टांडा, रेलवे क्रॉसिंग अड्डा होशियारपुर, स्काईलार्क चौक, नामदेव चौक और डॉ. बी.आर. अंबेडकर चौक को डायवर्जन प्वाइंट के रूप में चिन्हित किया गया है।

कमिश्नरेट पुलिस जालंधर की ओर से आम जनता से अपील की गई है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाकर रखें। संभव हो तो शोभा यात्रा के रूट और प्रभावित चौकों से बचें, ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का पालन करें तथा पुलिस द्वारा सुझाए गए वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें। लोगों से शोभा यात्रा के सुचारू एवं सुरक्षित आयोजन के लिए पुलिस को सहयोग देने की अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए आम जनता को कमिश्नरेट पुलिस जालंधर की ओर से जारी किए जाने वाले आधिकारिक अपडेट्स का पालन करने की सलाह दी गई है।

जालंधर एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार

हॉकी इंडिया के उपाध्यक्ष ने प्रशासकीय सचिव खेलों समेत स्टेडियम में प्रबंधों का लिया जायज़ा, शहर में पहले अंतरराष्ट्रीय हॉकी मुकाबले को देखने के लिए दर्शकों के लिए मुफ्त एंट्री का ऐलान

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



शहर प्रतिष्ठित एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके चलते उच्च अधिकारियों द्वारा अंतिम तैयारियों का जायजा लेने के लिए स्टेडियम का दौरा किया जा रहा है। हॉकी इंडिया के उपाध्यक्ष और पंजाब हॉकी के अध्यक्ष नितिन कोहली ने खेल एवं युवा सेवाएं विभाग के प्रशासकीय सचिव वरुण रूजम तथा अन्य उच्च अधिकारियों के साथ स्टेडियम में प्रबंधों और सुविधाओं का जायजा लिया, ताकि इस भव्य अंतरराष्ट्रीय आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके। टूर्नामेंट के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार पंजाब में, खासकर जालंधर में इतने बड़े स्तर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस टूर्नामेंट में एशिया की शीर्ष 6 टीमें–भारत, चीन, जापान, कोरिया, बांग्लादेश और मलेशिया–खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। कोहली ने बताया कि मैच जालंधर और मोहाली में आयोजित किए जाएंगे। 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा खेल समारोह का उद्घाटन किया जाएगा, जबकि ग्रैंड फाइनल 5 नवंबर को मोहाली में होगा।

लोगों की अधिकतम भागीदारी को प्रोत्साहित करने और नई पीढ़ी में खेलों के प्रति लगाव पैदा करने के उद्देश्य से अधिकारियों ने ऐलान किया कि मैचों में एंट्री पूरी तरह मुफ्त होगी। दर्शक ऑनलाइन डिजिटल पास प्राप्त कर सकते हैं या स्टेडियम के गेटों पर मौके पर ही रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। इस अवसर पर डायरेक्टर खेल अभिजीत कपलीश और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) अमनिंदर कौर बराड़ भी मौजूद थे।

कांग्रेस सत्ता में आई तो फ्री बिजली, हेल्थ कवर और महिलाओं की वित्तीय मदद छीन लेगी : अमन अरोड़ा

बोले- कांग्रेस आम पंजाबियों से सुविधाएं छीनना चाहती है जबकि उसके अपने नेता सब्सिडी का मज़ा ले रहे हैं

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के प्रधान और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने गुरुवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उसके सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के बयान ने पार्टी की जनविरोधी और सामंती सोच को सामने ला दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस 2027 में गलती से भी पंजाब की सत्ता में आई, तो वह फ्री बिजली, 10 लाख रुपये की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना और महिलाओं को वित्तीय मदद छीन लेगी, जबकि टोल प्लाजा वापस लाएगी और बिजली और नहर के पानी के भारी बिल थोप देगी।

अमन अरोड़ा ने कहा कि कांग्रेस आम पंजाबियों को वेलफेयर स्कीमों से दूर रखना चाहती है, जबकि उसके अपने सांसद, विधायक और पूर्व मंत्री सब्सिडी का मज़ा ले रहे हैं। उन्होंने पार्टी की टॉप लीडरशिप, जिसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रताप सिंह बाजवा शामिल हैं, को चुनौती दी कि वे स्पष्ट करें कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो क्या ये स्कीमें जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के चुनावी वादे खोखले साबित होंगे और पंजाब एक बार फिर लोगों की परेशानी और लूट के दौर में लौट जाएगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आप पंजाब के प्रधान और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के बिजली सब्सिडी और ज़रूरत के आधार पर महिलाओं को वित्तीय मदद देने के बयान ने पंजाब के लिए कांग्रेस पार्टी के एजेंडे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा, "पंजाब के लोग साफ़ जवाब के हक़दार हैं कि कांग्रेस सत्ता में आने पर इन सुविधाओं को जारी रखना चाहती है या वापस लेना चाहती है।"

आप पंजाब के प्रधान ने कहा, "मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आप सरकार लोगों की ज़रूरतों को पूरा करने के मकसद से घरेलू कंज्यूमर्स, किसानों और इंडस्ट्रीज़ को बिजली सब्सिडी दे रही है।" महिलाओं को दी जाने वाली हर महीने की वित्तीय मदद का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने ऐसी सुविधाओं को जारी रखने पर सवाल उठाए हैं, और कहा है कि जिन्हें इसकी ज़रूरत नहीं है, उन्हें इससे बाहर रखा जाना चाहिए।

जालंधर पुलिस ने 68 किलो 719 ग्राम नशीला पदार्थ किया नष्ट

जालंधर (जालंधर ब्रीज). कमिश्नरेट पुलिस जालंधर की ओर से 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के तहत एनडीपीएस अधिनियम के अलग-अलग मामलों में जब्त किए गए 68 किलो 719 ग्राम नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर जालंधर सतिंदर सिंह, आईपीएस के दिशा-निर्देशों के तहत ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में की गई। ड्रग डिस्पोजल कमेटी में मनप्रीत सिंह ढिल्लों, पीपीएस, पुलिस उपायुक्त जांच, देव सिंह, पीपीएस, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जांच और विजे कंवर पाल, पीपीएस, सहायक पुलिस आयुक्त सीएडब्ल्यू शामिल रहे।



कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में जब्त किए गए नशीले पदार्थों की खेप को गांव राओवाली, जालंधर स्थित एबीएस फूड एंड बेवरेज परिसर में सभी कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद ड्रग डिस्पोजल कमेटी की ओर से पारदर्शी तरीके से नष्ट किया गया। नष्ट किए गए नशीले पदार्थों में कुल 30 किलो पोपी हस्क, 4 किलो 376 ग्राम हेरोइन, 15 ग्राम स्मैक, 31 किलो 222 ग्राम गांजा और 3 किलो 106 ग्राम चरस शामिल है। इस तरह कुल 68 किलो 719 ग्राम विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों का निस्तारण किया गया। नशीले पदार्थों के इस निस्तारण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जब्त किया गया नशा भविष्य में किसी भी गलत तरीके से इस्तेमाल न किया जा सके। कमिश्नरेट पुलिस जालंधर ने कहा कि नशे को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है और नशे के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी, ताकि जालंधर शहर को नशा मुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके।

बिहार, गुजरात, राजस्थान और गोवा में भाजपा सरकार तो वहां नशा क्यों बढ़ रहा : केजरीवाल

सौरभ भारद्वाज ने कहा- देश का बॉर्डर अमित शाह के पास है, फिर विदेशों से भारत में नशा कैसे आ रहा?

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी ने भाजपा शासित राज्यों में खुलेआम चल रहे नशे के कारोबार को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बिहार में शराबबंदी के बावजूद बढ़ते अवैध नशे के कारोबार को लेकर एक मीडिया रिपोर्ट को एक्स पर साझा कर अमित शाह को आड़े हाथ लिया। उन्होंने अमित शाह से पूछा कि बिहार, गुजरात, राजस्थान और गोवा में तो भाजपा की ही सरकार है। वहां नशा क्यों नहीं खत्म हो रहा है? क्या वहां नशा खत्म करने की कोई डेडलाइन नहीं दी है? उन्होंने अमित शाह से पूछा कि क्या बिहार में जिस तरह नशा ख़त्म कर दिया, वैसे ही अब पंजाब में करने की बात कर रहे हैं। पंजाब पर बोलने से पहले अमित शाह को भाजपा शासित राज्यों में नशा खत्म करके दिखाना चाहिए। बिहार में बढ़ते नशे के कारोबार पर आम आदमी पार्टी ने अमित शाह से कहा कि बिहार में भाजपा की सरकार 20 साल से है। आखिर आप लोगों ने बिहार को "उड़ता बिहार" बना ही दिया। हमेशा की तरह आपको शर्म भी नहीं आ रही होगी। 2007 से 2017 तक पंजाब में आप लोगों ने अकाली दल के साथ मिलकर जिस तरह नशे की तस्करी करवाई, पूरी एक पीढ़ी को बर्बाद किया और अब पंजाब आकर बड़ी-बड़ी डींगें हांक रहे हैं। नशे पर आपके मुंह से कुछ भी शोभा नहीं देता। बिहार कब नशामुक्त होगा, देश को जवाब दीजिए। और हां, इस बार शुतुरमुर्ग की तरह ज़मीन में अपना सिर मत गाड़ लीजिएगा।

'आप' ने कहा कि भगवंत मान सरकार के नेतृत्व हमने एक सुरक्षित पंजाब का वादा किया था और हम उस वादे को पूरा कर रहे हैं। 2022 से अब तक नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में 1.27 लाख से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं, 7,260 किलोग्राम से ज्यादा हेरोइन जब्त की गई है और 1,288 आपराधिक मॉड्यूल का पर्दाफाश किया गया है। यह तो बस शुरुआत है।

उधर, 'आप' के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि पंजाब को नशे में डुबोने का पाप और अपराध भाजपा और अकाली दल की सरकार ने किया। पंजाब का बच्चा-बच्चा यह बात जानता है और इसमें कुछ भी छिपा नहीं है कि पंजाब में ड्रग्स किसने फैलाया और हजारों करोड़ रुपए के ड्रग्स का बिजनेस किसने किया। उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में अडानी के मुंद्रा पोर्ट से 20 हजार करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी गई थी। तब एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट में लिखकर दिया थी कि जो अपराधी पकड़े गए, उन्हें जमानत न दी जाए क्योंकि इस ड्रग्स का पैसा पाकिस्तान में आतंकवाद की ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल होता है।

सेंट्रल विधानसभा मे धनोवाली-दकोहा के सैंकड़ों नौजवानों ने थामा भाजपा का दामन



जालंधर (जालंधर ब्रीज). पंजाब में भाजपा के प्रति युवाओं के बढ़ते विश्वास के बीच आज जालंधर की केंद्रीय विधानसभा के अंतर्गत धनोवाली, परागपुर और दकोहा क्षेत्र के सैंकड़ों नौजवानों ने भाजपा का दामन थाम लिया। परागपुर मंडल करीब 300 नौजवानों ने प्रधान जरनैल सिंह डिपला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जालंधर भाजपा प्रधान अशोक सरीन हिक्की, प्रदेश भाजपा उपप्रधान राकेश राठौर और मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में सुखदेव कुश, दकोहा के शुभम शर्मा सहित सैंकड़ों युवाओं ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की।इस अवसर पर अशोक सरीन हिक्की और राकेश राठौर ने सुखदेव कुश, शुभम शर्मा तथा उनके सभी साथियों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं का पार्टी से जुड़ना इस बात का संकेत है कि पंजाब की युवा पीढ़ी अब विकास, रोजगार, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की राजनीति चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं को केवल राजनीतिक भागीदारी ही नहीं, बल्कि देश और प्रदेश के विकास में नेतृत्व करने के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। युवा शक्ति भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और इनके सहयोग से पंजाब में पार्टी का संगठन और अधिक मजबूत होगा।

डिप्टी कमिश्नर ने किसानों से मंडियों में सूखा धान लाने की अपील की

होशियारपुर (जालंधर ब्रीज). डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे धान की फसल को अच्छी तरह सुखाकर मंडियों में लेकर आएं, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू ढंग से चल सके और किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडियों में धान की खरीद, उठान और भुगतान प्रक्रिया पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि किसानों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि 21 अक्टूबर तक जिले में धान की कुल आवक 2,30,260 मीट्रिक टन तक पहुंच गई है जबकि अब तक कुल 2,29,836 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। उन्होंने बताया कि कुल खरीद में सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा 2,28,780 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, जबकि निजी खरीद के तहत 1,056 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। उन्होंने मंडियों में खरीद व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जिले में अब तक कुल 1,34,464 मीट्रिक टन धान का उठान हो चुका है। निर्धारित 72 घंटे के मानक के अनुसार उठान की प्रगति 72 प्रतिशत दर्ज की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंडियों से खरीदे गए धान का समय पर उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भुगतान संबंधी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि धान की खरीद के लिए कुल 493.65 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 48 घंटे के निर्धारित मानक के अनुसार भुगतान की स्थिति 100 प्रतिशत दर्ज की गई है।

विनू मांकड़ ट्रॉफी: पंजाब अंडर-19 ने चंडीगढ़ को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

इंदौर (जालंधर ब्रीज). विनू मांकड़ ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पंजाब अंडर-19 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ अंडर-19 को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। यह वनडे मुकाबला एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ग्राउंड, इंदौर में खेला गया। पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चंडीगढ़ अंडर-19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 282 रन बनाए। चंडीगढ़ की ओर से मार्कंडे पंचाल ने 117 गेंदों पर 128 रन की शानदार पारी खेली। 282 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब अंडर-19 ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और लक्ष्य को 6 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

पंजाब की ओर से अर्जुन राजपूत ने 106 गेंदों पर 117 रन की शानदार शतकीय पारी खेलकर टीम की जीत की नींव रखी। इसके अलावा उमेश गिल ने 62 गेंदों पर 71 रन



की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत तक पहुंचाया। सागर विरक ने भी 62 रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। पंजाब अंडर-19 की इस शानदार जीत पर पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन की मैनेजमेंट ने पूरी टीम को बधाई दी। मैनेजमेंट ने खिलाड़ियों के साथ-साथ कोचिंग स्टाफ, सिलेक्शन कमेटी और पूरी टीम की मेहनत एवं शानदार प्रदर्शन की सराहना की। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि क्वार्टर फाइनल में मिली यह शानदार जीत टीम की लगातार मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठकों के दौरान बैंकों के कार्यगुज़ारी की समीक्षा

जालंधर (जालंधर ब्रीज). वित्तीय वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही की समीक्षा के लिए ब्लॉक लोहियां खास, शाहकोट, नकोदर, मेहतपुर और नूरमहल में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठकें आयोजित की गई। एलडीएम जालंधर एम.एस. मोती ने बताया कि जिले के सभी 11 ब्लॉकों में यह बैठकें आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अब तक 5 ब्लॉकों में हुई बैठकों के दौरान दूसरी तिमाही (01.07.2026 से 30.09.2026 तक) में बैंकों के कार्यगुज़ारी की समीक्षा के साथ-साथ चालू आर्थिक वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों और परिणामों पर भी विचार-विमर्श किया गया।



बैठकों के दौरान जन सुरक्षा योजनाओं, पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को जागरूक करने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ऋण के लिए प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निपटान का निर्देश दिया गया। साथ ही बैंकों द्वारा 31 दिसंबर 2026 तक ग्राम पंचायत स्तर पर फाइनेंशियल इंक्लूजन सैचूरेशन कैंप लगाने के बारे में भी जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में फिल्लौर, रुड़का कलां, भोगपुर और आदमपुर आदि ब्लॉकों में भी बैठकें आयोजित की जाएंगी।

इन बैठकों में बैंक अधिकारियों द्वारा 30 सितंबर 2026 को समाप्त हुई तिमाही के दौरान अपने-अपने बैंक के कार्यगुज़ारी के बारे में जानकारी दी गई। एल.डी.एम ने बैंकों को सीडी रेशो में सुधार के लिए अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत करने के लिए कहा।

टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

स्पोर्ट्स डेस्क. क्राइस्टचर्च के हेगली ओवल में खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। भारत को जीत के लिए 226 रनों का टारगेट मिला था जिसे उसने दो गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। टी20 इंटरनेशनल में पहली बार भारत ने इतने बड़े लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया है। भारतीय ऑलराउंडर नमन धीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 15 गेंदों में नाबाद 42 रनों की तूफानी पारी खेलकर भारत को 4 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिलाई। 226 रनों का पीछा करते हुए उम्मीद थी कि भारत पर दबाव होगा लेकिन संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा



ने टीम को एक शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने पावरप्ले में 93 रनों की बेहतरीन साझेदारी की जिससे भारत को अच्छी लय मिली। 12 गेंदों पर 29 रन बनाकर अभिषेक के आउट होने के बाद सैमसन ने लय बनाए रखी लेकिन दूसरे छोर से उन्हें बहुत कम साथ मिला। इससे पहले फिन एलेन और ग्लेन फिलिप्स की विस्फोटक बल्लेबाजी के बलबूते न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की शृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में वीरवार को चार विकेट पर 225 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। नियमित तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने के कारण भारतीय आक्रमण में धार की कमी साफ दिखाई दी। एलन ने 24 गेंदों में 45 रन बनाये जबकि फिलिप्स ने 40 गेंदों पर नाबाद 82 रन की तूफानी पारी खेली। दोनों बल्लेबाज़ों के आक्रामक तेवरों के सामने भारतीय गेंदबाज बेअसर नज़र आए। न्यूजीलैंड ने इस तरह से भारत के खिलाफ अपने सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। यह घरेलू मैदान पर न्यूज़ीलैंड का अब तक का सर्वोच्च स्कोर भी रहा।

शुरुआत में गेंद को स्विंग मिल रही थी लेकिन न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाजों ने इस चुनौती का बखूबी सामना किया और बाद में भारतीय गेंदबाज़ों पर जमकर प्रहार किए। फिलिप्स ने पारी का समापन कवर क्षेत्र के ऊपर से शानदार स्विच-हिट लगाकर किया। बेवन जैकब्स की 16 गेंदों पर 31 रन की तेजतर्रार पारी ने भी न्यूजीलैंड को 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

डेयरी पेशा शुरू करने के लिए किसानों को वित्तीय सहायता के साथ-साथ दी जा रही है सब्सिडी : डिप्टी डायरेक्टर डेयरी

जालंधर (जालंधर ब्रीज). डिप्टी डायरेक्टर डेयरी कपलमीत सिंह संधू ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने के लिए डेयरी के पेशे को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि और किसान कल्याण, पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी विकास मंत्री पंजाब सरकार गुरमीत सिंह खुड्डियां तथा डायरेक्टर डेयरी विकास विभाग पंजाब वरियाम सिंह गिल के नेतृत्व में किसानों को डेयरी फार्मिंग के पेशे से जोड़ने और उनकी आय में वृद्धि करने के लिए विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत सब्सिडी मुहैया करवाई जा रही हैं।

डिप्टी डायरेक्टर डेयरी ने आगे बताया कि डेयरी विकास विभाग द्वारा किसानों को दुधारू पशु खरीदने, आधुनिक कैटल शेड बनाने, सिंगल रो फोडर हार्वेस्टर और मिल्किंग मशीनें लगाने के लिए वित्तीय सहायता और सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा विभाग द्वारा डेयरी फार्मिंग के लिए बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दरों पर ऋण भी उपलब्ध करवाए जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग से संबंधित योजनाओं के तहत सामान्य वर्ग के किसानों को 25 प्रतिशत और अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को 33 प्रतिशत सब्सिडी मुहैया करवाई जा रही है। डिप्टी डायरेक्टर डेयरी ने किसानों से अपील की कि जिन किसानों ने विभाग के नियमों और मापदंडों के अनुसार आधुनिक कैटल शेड, सिंगल रो फोडर हार्वेस्टर और मिल्किंग मशीनें स्थापित की हैं, वे सब्सिडी प्राप्त करने के लिए अपनी आवेदन और जरूरी दस्तावेज लेकर दफ्तर डिप्टी डायरेक्टर डेयरी, जालंधर में संपर्क कर सकते हैं, ताकि वे विभाग की योजनाओं के तहत मिलने वाली सब्सिडी का लाभ ले सकें। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 97793-52959 पर संपर्क किया जा सकता है।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at DB Corp Ltd, J7 NEAR BUS STAND SUBHANPUR (HAMIRA), KAPURTHALA, PUNJAB - 144808, and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.